## भवन समन्वय समिति

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की

सं. सी.सी.बी. / 134 / पी-11 (चावल) दिनांक: अगस्त 04 , 2026

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की सी.सी.बी. द्वारा संचालित सभी भवन मैसों (आजाद, सरोजिनी, विज्ञान एवं विवेकानंद) में दिनांक 01/09/2026 से 30/11/2026 तक के लिए चावल की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र।**

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम व पता | |
| जी0 एस0 टी0 नम्बर | |
| फूड लाइसेंस नम्बर | |
| पैन नम्बर | |
| मोबाइल नम्बर | |
| ईमेल आई डी | |
| निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि | दिनांक 13/08/2026 (गुरुवार) को सायंकाल 03.00 बजे तक। |
| निविदा खुलने की तिथि व स्थान | दिनांक 13/08/2026 (गुरुवार) को सायंकाल 03.30 बजे। |
| निविदा जमा करने का स्थान | सी.सी.बी. कार्यालय |
| निविदा खुलने का स्थान | विवेकानंद भवन मैस |

| क्रमांक सं. | वस्तु का नाम | अनुमानित मात्रा | प्रति यूनिट | ब्रान्डेड/ बिना ब्रान्ड | ब्रान्ड का नाम | दरें बिना जी.एस.टी. अंकों में | दर शब्दों में | जी.एस.टी. की दर | दरें जी.एस.टी. सहित अंकों में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चावल सेला सर्बती | 170 कुन्तल | प्रति कुन्तल | ब्रान्डेड | | | | | |
| | | | | बिना ब्रान्ड | | | | | |
| 2. | चावल सेला बासमती | 28 कुन्तल | प्रति कुन्तल | ब्रान्डेड | | | | | |
| | | | | बिना ब्रान्ड | | | | | |
| 3. | चावल मोटा | 25 कुन्तल | प्रति कुन्तल | उत्तम क्वालिटी | | | | | |

निविदा खुलने के समय इच्छुक निविदादाता उपस्थित रह सकते हैं।

नोट:- 1. कृपया टेन्डर के साथ सैम्पल अवश्य दें।

2. चावल का सैम्पल कम से कम 500 ग्राम भेजें।

Central Purchase Officer
IIT Roorkee

निविदादाता के हस्ताक्षर_______________

**नियम व शर्ते:-**

1. सभी निविदायें मोहरबन्द लिफाफे में अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की के नाम होनी चाहिए। खुला निविदा प्रपत्र स्वीकार नही किया जाएगा।
2. केन्द्रीय क्रय अधिकारी/अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि निविदा का कोई भी अंश अथवा समस्त भाग निरस्त कर सकते हैं। उसके लिये कोई कारण बताना अनिवार्य नही है।
3. उपरोक्त तिथि एवं समय के पश्चात कोई निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4. टेण्डर में कटिंग व ओवर राइटिंग न करें, कटिंग होने पर दोबारा साफ-साफ लिख कर अपने हस्ताक्षर करें अन्यथा टेण्डर निरस्त भी किया जा सकता है।
5. ठेका एक से अधिक ठेकेदारों को दिया जा सकता है।
6. ठेका बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।
7. चावलों की आपूर्ति न कर पाने या आपूर्ति स्वीकृत सैम्पल के अनुसार न कर पाने की दशा में ठेकेदार की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है तथा अन्य जुर्माना भी लगाया जा सकता है।
8. चावलों की दरें चावलों को संस्थान की मैसों तक पहुंचाने व सभी करों सहित होनी चाहिए।
9. निविदा में दी गई चावलों की मात्रा अनुमानित है तथा यह मात्रा 25 % तक घट या बढ़ सकती है।
10. ठेकेदार को चावलों की आपूर्ति सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों में उनकी आवश्यकतानुसार समय पर करनी होगी।
11. चावलों का ठेका सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों (आज़ाद, सरोजिनी, विवेकानंद एवं विज्ञान भवन) के लिए मान्य होगा।
12. अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति का निर्णय अन्तिम तथा सर्वमान्य होगा।
13. बिलों का भुगतान सम्बन्धित मैसों द्वारा किया जायेगा। भुगतान हेतु बिल सामान के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
14. **सप्लायर द्वारा निविदा में दी गई दरों को स्वीकृत किए जाने पर 01/09/2026 से 30/11/2026 के मध्य दरों में किसी प्रकार की वृद्धि किया जाना सम्भव नहीं होगा।**
15. **निविदा के साथ ही चावलों के सैम्पल उपलब्ध कराना आवश्यक है। बिना सैम्पल की निविदा को अस्वीकार किया जाएगा। सैम्पल की मात्रा कम से कम 500 ग्राम होनी चाहिए। 500 ग्राम के कम सैम्पल रेट पर विचार नहीं किया जाएगा। स्वीकृत सैम्पल को सी.सी.बी. कार्यालय द्वारा रख लिया जायेगा जिसका भुगतान सी.सी.बी. द्वारा किया जाएगा। अस्वीकृत सैम्पल सप्लायर दिनांक 31/08/2026 तक अवश्य वापस ले लें।**
16. **संस्थान की मैसों में आपूर्ति करने हेतु आने-जाने के लिए संस्थान के सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा तथा प्रवेश हेतु पास बनवाने की प्रक्रिया सप्लायर द्वारा किया जाना होगा।**
17. **चावल की खरीद हेतु कमेटी के द्वारा अधिकतम दर निर्धारित किया गया है तथा बन्द लिफाफे में केन्द्रिय क्रय अधिकारी के पास सुरक्षित रखी हुई है जो कि निविदा खुलने के साथ ही खोली जाएगी। निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य वाले निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः निविदा निरस्त कर दी जाएगी।**
18. **(A)** आपने पूर्व में टेंडर में प्रतिभाग किया था। ...................... (हॉ / नही) **(B)** आपको क्रयादेश जारी किया गया था। ......................... (हॉ / नही)
19. अगर हॉ है तो अतिंम क्रयादेश अवधि का विवरण दें। ..........................................
20. **निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात जमा करना आवश्यक है।**
    - **वैध खाद्य लाइसेंस/Valid Food License**
    - **जीएसटी पंजीकरण प्रमाण-पत्र/GST Registration Certificate**
    - **पैन की प्रति/Copy of PAN**
    - **आधार कार्ड की प्रति/Copy of Aadhaar**
    - **एसडीएम/पुलिस/पंचायत/नगर पालिका द्वारा जारी चरित्र प्रमाण-पत्र/Character Certificate issued by SDM/Police/Panchayat/Nagar Palika**
    - **पिछले तीन वर्षों का जीएसटी रिटर्न/आयकर रिटर्न प्रमाण/GST Return/Income Tax Return proof of the last 3 years**

**निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर**

04.08.26

**केन्द्रीय क्रय अधिकारी**
**भवन समन्वय समिति**

Central Purchase Officer
CCB, IIT Roorkee

निविदादाता के हस्ताक्षर________________

दिनांक________________